आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :463 पृष्ठ -4 दिनांक 26 अप्रेल 2025 दिन शनिवार

# यूपी के मदरसों को लेकर सीएम योगी का बड़ा निर्देश

## सीएम योगी ने कहा है कि अब मदरसों को केवल मजहबी शिक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए.

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मदरसा शिक्षा नीति को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की है. सीएम योगी ने कहा है कि अब मदरसों को केवल मजहबी शिक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए. एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसा शिक्षा में बड़े बदलाव की जरूरत है. उन्होंने साफ कहा कि जब तक मदरसे अवस्थापना मानकों को पूरा नहीं करते, उन्हें मान्यता न दी जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मकसद सिर्फ सुधार नहीं है, बल्कि मदरसा शिक्षा को नवाचार और समावेशिता के साथ मुख्यधारा से जोड़ना है. उन्होंने कहा कि मदरसों के बच्चों को भी गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान जैसी आधुनिक पढ़ाई का पूरा लाभ मिलना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि मदरसों में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना सरकार की प्राथ. मिकता है. बैठक में यह जानकारी दी गई कि प्रदेश में 13,329 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हो रहे हैं, जिनमें करीब 12.35



लाख छात्र–छात्राएं पढ़ रहे हैं. इनमें से 561 मदरसे ऐसे हैं जिन्हें राज्य सरकार से अनुदान मिलता है. इन मदरसों में करीब 23 हजार से अधिक शिक्षक और कर्मचारी काम कर रहे हैं.बोर्ड परीक्षा में छात्रों की संख्या में गिरावट पर सीएम ने जताई चिंतामुख्यमंत्री ने इस बात पर चिंता जताई कि बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है. वर्ष 2016 में जहां यह संख्या 4.22 लाख थी, वहीं 2025 में घटकर मात्र 88 हजार रह गई. मुख्यमंत्री ने इसे चिंताजनक बताते हुए सुधार की जरूरत बताई.मदरसों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया होगी पारदर्शीमुख्यमंत्री ने मदरसों में पारदर्शिता और गुणवत्ता लाने पर जोर देते हुए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने एक उच्चस्तरीय समिति बनाने के आदेश दिए, जिसकी अध्यक्षता निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण करेंगे. इस समिति में शिक्षा, वित्त और न्याय विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे. समिति मदरसों के संचालन, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और पाठ्यक्रम में बदलाव पर सिफारिशें देगी. गौरतलब है कि प्रदेश में मदरसा शिक्षा को व्यवस्थित करने के लिए अगस्त 2017 में मदरसा पोर्टल की शुरुआत की गई थी. इसके जरिए परीक्षाएं, प्रमाणपत्र, पंजीकरण और अन्य कार्य ऑनलाइन हो गए हैं, जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता आई है. साथ ही अब सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्तर पर ˆब्त्ज के पाठ्यक्रम लागू किए जा रहे हैं.पाठ्यक्रम और शिक्षकों की योग्यता पर बदलाव जरूरी– सीएम मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसा शिक्षा को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बनाना होगा. इसके तहत पा. ठ्यक्रम और शिक्षकों की योग्यता में बदलाव जरूरी है. उन्होंने कहा कि मदरसे केवल मजहबी शिक्षा केंद्र न बनें, बल्कि वहां से निकलने वाले बच्चे समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ें.

## इटावा की अंशी ने दसवीं में हासिल किया दूसरा स्थान, जताई डॉक्टर बनने की इच्छा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर आज शुक्रवार (25 अप्रैल 2025) को 10वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिये गए हैं. उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल के रिजल्ट में इटावा की अंशी और बाराबंकी के अभिषेक यादव ने 97.67 परसेंट नंबर लाकर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है. इटावा की अंशी ने एबीपी न्यूज रिपोर्टर अमित मिश्रा से बात करते हुए कहा कि वह आगे डॉक्टर बनना चाहती है.इटावा के शिवाजी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 16 वर्षीय साधारण परिवार की अंशी श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश में 97.67 नंबर लाकर प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है. अंशी श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर उनके चाहने वालों और परिवार के लोगों में खुशी का महौल है. अंशी श्रीवास्तव के पिता एक छोटी सी दुकान से अपनी तीनों बच्चियों का खर्चा निकलते हैं, मीडिया को देख अंशी और अंशी के माता पिता खुशी की वजह से रोने लगे. परिवार के लोगों ने अंशी को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई.अंशी ने पढ़ाई में ली मोबाइल की मदद अंशी ने बताया कि वह पांच से 6 घंटे रोजाना पढ़ाई किया करती थीं, अंशी ने भविष्य में डॉक्टर बनने की इच्छा जताई. अंशी ने मोबाइल को भी पढ़ाई का एक अच्छा माध्यम बताया है. अंशी ने कहा कि यदि बच्चे मोबाईल का सही इस्तेमाल करे तो बहुत अच्छी जानक. ारियां मिलती है. अंशी की दो छोटी छोटी बहने है. अंशी ने बिना ट्यूशन के ही उत्तर प्रदेश में सेकेंड टॉप प्राप्त किया.यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल में 90.11 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए. इंटरमीडिएट में 81.15 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए. हाईस्कूल में बालकों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 86.66 और बालिकाओं के उत्तीर्ण का प्रतिशत 93.87 रहा. इंटरमीडिएट में बालकों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 76.60 और बालिकाओं के उत्तीर्ण का प्रतिशत 86.37 रहा. इस साल 3 लाख 2 हजार 508 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी.

## यूपी के शख्स ने पीएम मोदी को लिखी खून से चिट्ठी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों ने दो दर्जन सैलानियों का निर्मम हत्या की है. इस घटना के विरोध में पूरे देश में गुस्सा और आक्रोश है. लोगों का यह आक्रोश भौतिक रूप के साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी दिखाई पड़ रहा है. अमेठी के रहने वाले युवक प्रभात पांडेय जो सरदार भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक भी है. उन्होंने आज अपने खून से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के पत्र लिखा है. यह पत्र वह रजिस्टर्ड डाक से प्रधानमंत्री मोदी के पास भेजेंगे. पत्र में उन्होंने लिखा है कि, ऐ मजहबी दरिंदों तुम्हारी दरिंदगी कभी नहीं भूलेंगे और ना ही माफ करेंगे. आतंकवाद की कोख को बांझ करके तुम्हें तुम्हारी नापाक कब्र से निकाल कर तुम्हारे वहसीपन कि वह सजा देंगे की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगे करेंगी. विश्व के महानतम लोकतंत्र के मंदिर में बैठे हुए भारत के भाग विधाता माननीयों से निवेदन है कि इस मुद्दे पर वोट व तुष्टिकरण की राजनीति न करें. वरना आने वाले समय में होने वाली रक्त रंजित क्रांति के जिम्मेदार आप होंगे और



इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा. आतंकवादियों को कड़ी सजा देने की मांगपत्र लिखने वाले प्रभात पांडेय ने बताया कि इस पत्र के माध्यम से मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि हम सभी लोग तन मन और धन से भारत के प्रधानमंत्री के प्रत्येक निर्णय में उनके साथ खड़े हैं. जरूरत पड़ेगी तो हम अपना खून भी देश के लिए बहाएंगे. ऐसे आतंकवादियों को इस तरह की सजा दी जाए की आने वाली पीढ़ियां यह सोचने पर मजबूर हो जाए की ऐसा कदम उठाने से पहले उनकी रूह कांप जाए.विपक्ष के नेताओं से एकजुट होने का किया अनुरोधप्रभात पांडेय ने कहा कि, वहां पर आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर गोली मारी है. इसलिए पक्ष और विपक्ष सभी से मेरा अनुरोध है कि राष्ट्र हित में वह एक हो जाएं और प्रधानमंत्री जी का साथ दें. आतंकवादियों को उनके सही जगह पहुंचाने में यदि हमारे देश की जीडीपी गिरती है तो गिर जाने दे. यदि हम आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं तो हो जाने दें. यही नहीं हम लोग तो पाषाण युग में जाने के लिए भी तैयार हैं लेकिन हर कीमत पर ऐसे आतंकवादियों को मुं. हतोड़ जवाब देना बहुत ही जरूरी है. इसकी सीख हम इसराइल जैसे छोटे देश से ले सकते हैं.

## राजा भैया की बेटी को पाकिस्तान के हिंदुओं की चिंता

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश भर में प्रदर्शन हो रहा है. इसी क्रम में अब जनसत्ता दल लो. कतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह ऊर्फ राजा भैया की बेटी ने पाकिस्तान के हिंदुओं को लेकर चिंता जाहिर की है. इसके साथ ही राजा भैया की बेटी राघवी कुमारी ने मोदी सरकार से उनकी सुरक्षा की मांग की है. राघवी कुमारी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा–ष्प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय निडरता और राष्ट्र सुरक्षा की सच्ची भावना का प्रतीक है. जो लोग केवल हिंदू होने के कारण निर्दयता से मारे गए, उन्हें शब्दों से परे न्याय मिलना चाहिए और यह कदम उसी दिशा में एक दृढ़ संदेश है. पर क्या हम उन अनगिनत पाकिस्तानी हिंदुओं को नजर अंदाज कर सकते हैं, जो आज भी उन्हीं कट्टरपंथी विचारधाराओं से घिरे इलाकों में फंसे हुए हैं, जिनसे हम पर हमला हुआ? कौन उनकी रक्षा करेगा? अपने देश के लिए खड़े होना गर्व की बात है लेकिन अपने लोगों के लिए खड़े होना हमारी जिम्मेदारी भी है, चाहे वे कहीं भी हों. अब समय आ गया है कि हम न सिर्फ देश की सीमाएं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक और मानवीय सीमाएं भी पहचानें.ष्राघवी कुमारी सिंह राजा भैया और भानवी सिंह की सबसे बड़ी बेटी हैं. राघवी अपने परिवार के एक विवाद के कारण हाल ही में चर्चा में आईं, जिसमें उन्होंने अपनी मां भानवी सिंह का समर्थन किया. राघवी कुमारी कुंडा रियासत के राजा भैया और भानवी सिंह की चार संतानों में सबसे बड़ी हैं, उनके दो भाई, शिवराज और बृजराज और एक छोटी बहन बृजेश्वरी सिंह हैं. राघवी को भी अपने पिता की तरह शूटिंग का शौक है, वे इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और इसे अपनी रुचि के रूप में अपनाए हुए हैं. इतना ही नहीं वह स्टेट लेवल की शूटिंग चौंपियन रह चुकी हैं और उन्होंने 2018 में डबल ट्रैप शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता था.

## बरेली की प्रशंसा बनीं जिला टॉपर, 96: अंक हासिल कर लहराया परचम

बरेली यूपी बोर्ड 10वीं के परीक्षा परिणाम में बरेली जिले की छात्रा प्रशंसा ने जिले में टॉप कर जिले का नाम रोशन किया है। आंवला स्थित भारत जी सरस्वती इंटर कॉलेज की छात्रा प्रशंसा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।जिला मेरिट लिस्ट में आंवला के छात्रों का दबदबाबरेली जिले की टॉप–3 सूची में भी आंवला के छात्रों का वर्चस्व देखने को मिला। प्रशंसा के बाद कृष्ण कुमार, जो उसी स्कूल यानी भारत जी सरस्वती इंटर कॉलेज, आंवला के छात्र हैं, ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, शेखर राठौड़ ने 95.50 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रदेश टॉपर बने जालौन के यश प्रताप सिंहपूरे उत्तर प्रदेश में 10वीं की परीक्षा में जालौन जिले के यश प्रताप सिंह ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने पूरे प्रदेश में टॉप कर अपनी मेहनत और लगन का शानदार उदाहरण पेश किया है।91.11: छात्रों ने पास की 10वीं की परीक्षाइस वर्ष प्रदेश में 10वीं की परीक्षा का कुल परिणाम 91.11 प्रतिशत रहा। यह परिणाम छात्र–छात्राओं के समर्पण और स्कूलों के सहयोगात्मक वातावरण को दर्शाता है।

## जुमे की नमाज के बाद आंतकवाद मुर्दाबाद के लगे नारे, पाकिस्तान का जलाया गया झंडा

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 लोगों का नरसंहार किए जाने पर शिया और सुन्नी धर्मगुरुओं ने जबरदस्त विरोध किया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद नमाजियों ने आसिफी इमामबाड़े के पास पाकिस्तान और आंत. कवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसके साथ ही पाकिस्तान का झंडा भी जलाया गया। वहीं, चौक के सर्राफा व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। हालांकि, शहर से लेकर गांव तक आतंकी हमले को लेकर जगह–जगह प्रदर्शन और कैंडिल मार्च निकाला जा रहा है।बताते चलें कि, राजधानी लखनऊ में जुमे की नमाज में टीले वाली मस्जिद पर काली पट्टी बांध नमाजी नमाज अदा करने पहुंचे। हालांकि, इस दौरान मस्जिद और आसिफी इमामबाड़े के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। नमाज के बाद नामजियों ने पाकिस्तान और आंतकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। फिर पाकिस्तान का झंडा भी जलाया। इस दौरान मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि आंतकियों को खत्म करने के लिए सरकार को बड़े कदम उठाने चाहिए। पहलगाम में जो घटना हुई है, इससे इंसानियत शर्मसार है। यह सीधे तौर पर मानवता की हत्या है। कश्मीर जहां पर लोग अपने परिवार के साथ घुमने और खुशियां मानने गए थ. े।वहीं, इस्लामी सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महल का कहना है कि पहलगाम की घटना को लेकर दुआ की गई है। इस घटना की निंदा करते हैं क्योंकि इसमें इसानियत का कत्ल हुआ है। उन लोगों के लिए दुआ करते है, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। सरकार से अपील है कि आंतकियों का जल्द खात्मा करे। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि पाक की साजिश का तोड़ यही है कि हम सब आपस में मिलकर रहें, हमारे बीच कोई विवाद न रहे। इसके लिए कश्मीर की हुकूम को भी तलब किया जाए, जो जिम्मेदार हैं वह बताएं कि सुरक्षा–व्यवस्था कहां से नदारत क्यों थी? डेढ़ घंटे तक नरसंहार होता रहा तब पुलिस कहां थी? इस हमले में दो शिया नौजवानों की भी मौत हुई है।टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलूल मन्नान रहमानी ने कहा कि जिन लोगों ने यह कायनारा हरकत की है, उन्हें सजा–ए–मौत मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार के फैसले पर हमें ऐतबार है और सभी मुसलमान भाई मोदी सरकार के साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। भदेवा की तकिये वाली मस्जिद के इमाम डॉव लाइक हसन ने कहा इस कायराना हमले की हम सब निंदा है, हिंदुस्तान की हुकूमत आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाये। कहा कि सरकार की यह बहुत बड़ी नाकामी है, करोड़ों रुपये इंटेलिजेंस पार्टी खर्च किये जा रहे है, उसके बाद भी इस तरह के हमले हो रहे है।

## बरेली मजदूर की हत्या का इंसाफ 20 साल बाद, दोषी को उम्रकैद

बरेली रू 20 वर्ष पहले मजदूर की गोली मारकर हत्या करने के मामले में जिला जज सुधीर कुमार ने थाना कैंट के कांधरपुर निवासी चन्द्रसेन उर्फ शेखर को परीक्षण में दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की आधी रकम मृतक के वारिसान को दी जाएगी।डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि सीमा देवी ने 30 अक्टूबर 2005 को थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि पति नरेश पाल करीब 9 माह से कांधरपुर में किराये के मकान में रह रहे थे, मजदूरी करते थे। 17 अक्टूबर 2005 को करीब शाम 8 बजे चन्द्रसेन उर्फ शेखर घर से बुलाकर पति को ले गया।बोला तुम्हारे पैसे का हिसाब करेंगे। पति नरेश को जान से मारने की नियत से चन्द्रसेन ने गोली मार दी। मकान



के सामने ही उसके पति को घायल अवस्था में डाल गया। वह अकेली थी। उसके परिजन आंवला के गांव गोठा खंडुआ में रहते हैं।कैंट पुलिस ने चंद्रसेन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। इलाज के दौरान नरेश की मृत्यु हो जाने पर हत्या के प्रयास की धारा को हत्या में तरमीम कर विवेचना की गई। इसके बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा गया था। शासकीय अधिवक्ता ने मामले में 15 गवाह पेश किए थे।

# बच्चों की सेहत पर गर्मी का असर

## जिला अस्पताल में डायरिया के मरीजों की भरमार, बासी–ठंडा खाना न खाएं

हाथरस में बढ़ती गर्मी से बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 200 से अधिक बच्चे डायरिया के इलाज के लिए आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। सुबह से ही गर्मी का प्रकोप महसूस किया जा रहा है। दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं।बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है। गर्मी और दूषित खान–पान के कारण बच्चे उल्टी, दस्त और पेट दर्द से पीड़ित हैं। जिला अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ



डॉक्टर सुमन सिरोही ने बताया कि डायरिया के मुख्य कारणों में दूषित भोजन, इन्फेक्शन, दवाओं का साइड इफेक्ट और फूड प्वाइजनिंग हैं। मरीजों में पेट दर्द, पतले दस्त, बुखार और उल्टी के लक्षण दिख रहे हैं।डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उबला हुआ पानी पीएं। बाहर का या बासी खाना न खाएं। मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करें। तरल पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करें। साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें।डॉ. सिरोही ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों को गर्मी से बचाएं और दूषित खाने से दूर रखें।

## भाकियू ने की प्रिंसिपल को निलंबित करने की मांग, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज में छात्राओं के शोषण के मामले में भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) ने कॉलेज के प्रिंसिपल को निलंबित करने की मांग की है। यूनियन ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कॉलेज के प्रिंसिपल महावीर सिंह छोंकर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यूनियन का कहना है कि प्रिंसिपल शोषण के आरोपी प्रोफेसर रजनीश को बचाने का प्रयास कर रहे थे।कॉलेज में हो रही है रा. जनीति.. प्रिंसिपल पर छात्राओं को धमकाने का भी आरोप लगा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कॉलेज में शैक्षणिक माहौल की जगह राजनीति हावी हो गई है। कुछ ला. `गों द्वारा प्रिंसिपल को माला पहनाकर सम्मानित करने की घटना को जांच को प्रभावित करने का प्रयास बताया गया है।विभागीय कार्रवाई की मांग भाकियू ने छात्राओं के भविष्य की सुरक्षा को देखते हुए प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर निलंबित करने की भी मांग की गई है। यूनियन का कहना है कि यह कदम भविष्य में किसी भी छात्रा के साथ होने वाले शोषण को रोकने के लिए जरूरी है।

# उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में हाथरस जिले का परिणाम उत्साहजनक रहा

उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में हाथरस जिले का परिणाम उत्साहजनक रहा। जिले का परीक्षा परिणाम 90.20 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 88.18 प्रतिशत से बेहतर है।एसएसडी इंटर कॉलेज तसींगा सादाबाद के छात्र सागर ने 94.33 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर एस एम ए गर्ल्स इंटर कॉलेज सादाबाद की पलक पचौरी 93.83 प्रतिशत अंकों के साथ रहीं। श्री एस के गौतम इंटर कॉलेज महावतपुर सादाबाद की वैष्णवी ने 93.17 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।जिले से कुल 21,948 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 20,324 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 18,333 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष परीक्षा में कोई भी नकल का मामला सामने नहीं आया। प्रदेश में हाथरस का 41वां स्थान रहा। हालांकि जिले का कोई भी विद्यार्थी



प्रदेश के टॉप–10 में स्थान नहीं बना सका।टॉप टेन में शामिल छात्र टॉप 10 में अमित कुमार 92.83 प्रतिशतः, लवकुश शर्मा 92.50ः, सुशांत शर्मा (92.33,ः, गुंजन (92. 17,ः और अंशुल, शिवानी, छवि पाठक 92ः शामिल हैं। अभि कुमार और दीप्ति कौशल ने 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अवंतिका और शिवम् कुमार ने 91.50 प्रतिशत ःअंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया।हाइस्कूल टॉप 10.. 1– सागर – 94.33ः एसएसडी इंटर कॉलेज तसींगा सादाबाद। 2–पलक पचौरी – 93.83ः एस एम ए गर्ल्स इंटर कॉलेज सादाबाद । 3–वैष्णवी– 93.17ः श्री एस के गौतम इंटर कॉलेज महावतपुर सादाबाद। 4–अमित कुमार– 92.83 एस एन एस एम इंटर कॉलेज मिढ़ावली सादाबाद हाथरस। 5–लवकुश शर्मा– 92.50 जे ए इंटर कॉलेज रूहेरी हाथरस। 6–सुशांत शर्मा– 92.33 आदर्श इंटर कॉलेज महौ हाथरस। 7– गुंजन– 92.17 आदर्श इंटर कॉलेज महौ हाथरस। 8–अंशुल–92ः एसएनएसएम इंटर कॉलेज मिढ़ावली सादाबाद। 8–शिवानी – 92ः एस एन एस एम इंटर कॉलेज मिढ़ावली सादाबाद। 8– छवि पाठक – 92ः जेपीजेडी इंटर कॉलेज चन्दपा हाथरस। 9–अभि कुमार – 91.83 एसवीएम इंटर कॉलेज सिकंद्राराऊ हाथरस। 9– दीप्ति कौशल –91.83 : जेपीजी डी इंटर कॉलेज चन्दपा हाथरस। 10–अवंतिका –91.50 एसके गौतम इंटर कॉलेज सादाबाद हाथरस। 10–शिवम् कुमार –91.50 एसवीएम इंटर कॉलेज सिकंद्राराऊ हाथरस।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में सादाबाद तहसील के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में सादाबाद तहसील के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में जिले के पहले चार स्थान सादाबाद के छात्रों ने प्राप्त किए हैं। एसएसडी कॉलेज के छात्र सागर ने 94.33 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया।महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज की पलक पचौरी 93.83 प्रतिशतअंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। एके गौतम इंटर कॉलेज की वैष्णवी ने 93.13 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। एसएनएसएम कॉलेज मिढ़ावली के अमित कुमार ने 92.50 प्रतिशत अंकों के साथ चौ. था स्थान हासिल किया।इंटरमीडिएट में आरबीएस इंटर कॉलेज सराय रोड के छात्र कृष ने 90.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले



में दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्री महावीर स्वामी जैन इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी जैन ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान हासिल किया।सफल छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता, बुजुर्गों और शिक्षकों को दिया है। अधिकांश छात्रों ने आगे चलकर आईएएस, आईपीएस या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई है। इस सफलता से छात्रों के परिवार, विद्यालय और पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

हाथरस के सिकंद्राराऊ में एक युवक को सोशल मीडिया पर ै के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मोहल्ला मटकोटा अंसारियां स्कूल के पास रहने वाले एक युवक फरमान सैफी ने सोशल मीडिया पर ै और केंद्र सरकार के खिलाफ टिप्पणी कर दी।फरमान ने अपनी पोस्ट में पहलगाम नरसंहार का जिक्र करते हुए ै पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उसने केंद्र सरकार की नीतियों की भी आलोचना की। इस पोस्ट के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। आज देर शाम नाराज लोग कोतवाली पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फरमान को उसकी नया गंज बाजार स्थित घड़ी की दुकान से गिरफ्तार कर लिया।ै के नगर प्रमुख प्रवीण कुमार वार्ष्णेय ने इस मामले में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।क्षेत्राधिकारी श्याम वीर सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर में बेल्डिंग कर रहे मुस्लिम कारीगरों को निकाला

पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर लोगों में गुस्सा है। आतंकियों ने धर्म पूछ–पूछकर हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया है। इसी बीच अब हाथरस से एक मामला सामने आया है। यहां एक मुसलमान कारीगर मंदिर में बेल्डिंग का काम कर रहा था।आरोप है कि लोगों ने मुस्लिम कारीगरों का विरोध करते हुए उसे काम से निकाल दिया है। हिंदूवादी संगठनों के सदस्यों ने वहां काम कर रहे मुस्लिम कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। उनसे कहा–आप लोग आतंकी घटनाओं का विरोध नहीं करते, इसलिए निकाला जा रहा है।ये पूरा मामला मामला हाथरस सदर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड का है। यहां मंदिर श्री बालकेश्वर महादेव मंदिर में बेल्डिंग का काम चल रहा था। बेल्डिंग का काम एक मुस्लिम कारीगर शाहिद कर रहा था।इसी दौरान प्रवीण वार्ष्णेय, प्रवीण खंडेलवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा और देवेंद्र वर्मा सहित कई लोगों ने मंदिर पहुंचकर मुस्लिम कर्मच. ारियों से कहा कि पहलगाम में हिंदुओं की पहचान कर की गई हत्या से पूरा हिंदू



समाज आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि अब वे अपने मंदिरों और घरों में मुस्लिम समुदाय के लोगों से काम नहीं करवाएंगे।जब एक मजदूर ने पूछा कि वे काम क्यों रोक रहे हैं तो हिंदूवादी नेता प्रवीण वार्ष्णेय, प्रवीण खंडेलवाल समेत कई लोगों का कहना था कि पहलगाम में मु. सलमानों ने हिंदुओं का नाम पूछकर उनकी हत्या की है, इसलिए हम आप लोगों का बहिष्कार करते हैं।हिंदू नेता ने दावा किया कि पहलगाम हमले में हिंदुओं की पहचान कर उनकी हत्या से पूरा हिंदू समाज गुस्से में है अब वे अपने मंदिरों और घरों में मुस्लिम समुदाय के लोगों से काम नहीं करवाएंगे.अपनी पहचान छिपाकर कर रहे थे काम प्रवीण वार्ष्णेय का कहना है कि उसने अपना नाम छिपाया था और अपनी पहचान छिपाकर यहां काम कर रहा था। इसके बाद उसे काम से निकाल दिया गया है। उन्होंने ये भी कहा है कि मुसलमान कारीगर आतंकी घटनाओं का विरोध नहीं करते। वीडियो में प्रवीण ये भी कहते हुए सुनाए दे रहे हैं कि पहलगाम हमले का विरोध नहीं किया गया, इसलिए उसका बहिष्कार किया जा रहा है।आपको बता दें कि प्रवीण वार्ष्णेय मंदिर के ट्रस्टी हैं और वह एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स संस्था के राष्ट्रीय महासचिव भी हैं।लोगों से की अपील प्रवीण वार्ष्णेय ने सनातनी समाज के लोगों से अपील की है कि वे मुस्लिम कर्मचारियों का आर्थिक बहिष्कार करें। विरोध करने वालों का कहना है कि पूरा देश इस घटना से गुस्से में है और सरकार से आतंकवाद पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है।पुलिस ने घटना को लेकर ये बताया इस मामले को लेकर हाथरस पुलिस अधीक्षक ने जांच की बात कही है। हाथरस के डीएसपी ने भी मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डॉक्टर नहीं लिख रहे दवाएं...हाथरस में दम तोड़ रहे जन औषधि केंद्र

केंद्र संचालकों का कहना है कि शुरूआत में तो चिकित्सक खूब दवाएं लिखते थे लेकिन अब जेनरिक दवाएं बहुत कम लिखी जा रही हैं। प्राइवेट डॉक्टर तो लिखते ही नहीं सरकारी अस्पताल के पर्चे पर भी यह सस्ती दवा अपनी जगह नहीं बना पा रही है।मरीजों को सस्ती दवाएं मिल सकें इसके लिए जनऔषधि केंद्र खोले गए थे। हाथरस में 16 केंद्र थे जिनमें से नौ केंद्र एक साल के भीतर बंद हो गए हैं। पांच केंद्र ऐसे हैं जो खर्च तक नहीं निकाल पा रहे हैं। केंद्र संचालकों का कहना है कि शुरूआत में तो चिकित्सक खूब दवाएं लिखते थे लेकिन अब जेनरिक दवाएं बहुत कम लिखी जा रही हैं। प्राइवेट डॉक्टर तो लिखते ही नहीं सरकारी अस्पताल के पर्चे पर भी यह सस्ती दवा अपनी जगह नहीं बना पा रही है।प्रधानमंत्री जन औषधि योजना की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। इसका लक्ष्य लोगों को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना था। जानकारों का कहना है कि इन जेनरिक दवाओं का असर ब्रांडेड दवाओं के बराबर ही होता है। जिले में कुल 16 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए थे। लेकिन अब लगातार बंद हो रहे हैं। क्योंकि अधिकांश किराये की दुकान में खोले गए।किसी का किराया पांच हजार महीना था तो किसी का 7000 है। लेकिन अब तो पूरे महीने में इतने की दवाएं तक नहीं बिक रही हैं। केंद्र संचालकों का कहना है कि एक मुश्किल यह भी है कि दवाएं खत्म होने पर बार–बार मांगने पर भी परियोजना से इनकी आपूर्ति समय से नहीं हो पाती। इस कारण कई बार ग्राहकों को मायूस लौटना पड़ता है।दुकान पर अधिक बिक्री नहीं होती। समय से दवाएं उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में अधिक. ांश प्रशिक्षित डॉक्टर हैं, जो अन्य मेडिकल स्टोर की दवाएं लिखते हैं। मेडिकल स्टोर वाले उन्हें उनकी लिखी दवा बिकने पर कमीशन भी देते हैं।–बीके शर्मा, संचालक प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सहपऊ।चिकित्सक जेनरिक दवाएं नहीं लिखते हैं। काफी कम मरीज ही ऐसे होते हैं, जो हमारे पास जेनरिक दवाएं खरीदने आते हैं। दिन में करीब 400 रुपये की ही बचत हो पाती है। जब तक डॉक्टर सहयोग नहीं करेंगे, तब तक इन दवाओं की मांग नहीं बढ़ेगी।– मयंक जादौन, जन औषधि केंद्र संचालक, मुरसान गेट।प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत जिले में 16 केंद्र खोले गए थे। इनमें से छह दुकानों के संचालकों ने लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। जिले में अभी और जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।– राजकुमार शर्मा, औषधि निरीक्षक, हाथरस।जिले के चिकित्सक जेनरिक दवाएं नहीं लिखते हैं। लोगों के मन में भी यह भ्रम है कि यह दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में कम काम करती हैं। इससे जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की बिक्री कम हो पाती है। केंद्र संचालकों का कहना है कि उन्हें एक दिन में 400 रुपये की ही बचत मुश्किल से हो पाती है। इससे दुकान का खर्चा भी नहीं निकल पातानि. राश होकर लौट जाते हैं मरीजजिले में चिकित्सक मरीजों को जेनरिक दवाएं नहीं लिखते हैं, इसलिए अधिकांश जन औषधि केंद्रों पर दवाओं का स्टॉक सीमित ही होता है। काफी दवाएं मरीजों को इन केंद्रों पर उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, जिससे यह मरीज निराश होकर लौट जाते हैं।



# पहलगाम में हुए हमले के विरोध में आईएमए अलीगढ़ ने निकाला कैंडल मार्च

अलीगढ़ |पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष भारतीयों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की अलीगढ़ शाखा ने एक कैंडल मार्च का आयोजन किया |ये मार्च शाम को छह बजे स्टेट बैंक से शुरू होकर सेन्टर पॉइंट चौराहे पर समाप्त हुआ। वहीं इस मार्च के उपरांत अटल जी की प्रतिमा के सामने सभी ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियों को रखा |इस दौरान आईएमए के सचिव डॉ विभव वार्ष्णेय ने कहा कि वह खुद एक चिकित्सक हैं जो बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म और मजहब के लोगों का जीवन बचाने के लिए समर्पित रहते हैं लेकिन आतंकियों ने जिस प्रकार लोगों से उनकी जाति और मजहब पूछ कर इस नर संहार को अंजाम दिया है वो घटना वास्तव में निन्दनीय है और वह इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं साथ ही देश की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री से उनका कहना है कि गृहमंत्रीअमित शाह इस ईंट का जवाब पत्थर से नहीं बल्कि लोहे से दें क्योंकि अब येदेश कमजोरनहींबल्कि सशक्त भारत है |अंत में डॉ.विभव ने कहा कि इस घटना में जो शहीद हुए उन्हें वह श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना भी करते हैं और पूरे देश की संवेदनाएं उनके साथ हैं |अध्यक्ष डॉ.अवधेश भारद्वाज ने कहा कि ऐसी घटनाओं में सम्मिलित आतंकियों को पकड़कर जल्द सेजल्दकठोर सजा दिलवानी चाहिए |इस मार्च में कोषाध्यक्ष डॉ.राजेश गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक मानव जीवन बचानेके लिए पूरा जीवन लगा देता है और आतंकी पल में उसे नष्ट कर देता है जबकि आज समाज में ऐसा उदाहरण जाता चाहिएकि आतंकवाद की पूरी नींव ही उखड़ जाए |इस दौरान यहां पर डॉ.एस.पी.सिंह,डॉ. उमाकांत,डॉ.सुवेक वार्ष्णेय,डॉ.तन्मय शेखर,डॉ.सौरभ गर्ग,डॉ. अभिषेक कुमार सिंह,डॉ.अनुराधा सिंह,डॉ. विनोद कुमारसिंह,डॉ.रजतप्रताप सिंह,डॉ.नीलेश मित्तल,डॉ.पराग शेखर,डॉ. अनूप कुमार,डॉ.दीपक गुप्ता,डॉ.संजीव गर्ग,डॉ.निखिल शर्मा,डॉ.सौरभ पाठक,डॉ. जॉली वार्ष्णेय, डॉ.दीप्ति गर्ग,डॉ.दीप्ति वार्ष्णेय,डॉ.नेहा त्यागी सिंह,डॉ.नम्रता भारद्वाज,डॉ.श्रुति, डॉ.रश्मि रानी,डॉ.इंदु मित्तल,डॉ.रूबी शेखर,डॉ.रूपाली शेखर और डॉ.अमित वार्ष्णेय समेत शहर के सैकड़ों चिकित्सकों नेसम्मिलित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मा0 मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन किए अर्पित




अलीगढ़ प्रदेश के मा0 मंत्री इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग श्री सुनील कुमार शर्मा जी द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव राम जी आम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया |मा0 मंत्री जी ने कहा कि यदि किसी के व्यक्तिव को छोटा करना हो तो उसे किसी वर्ग विशेष तक सीमित कर दो। मा0 मोदी जी से पूर्व सभी सरक. ारों ने बाबा साहेब के व्यक्तिव के साथ यही किया। बाबा साहेब सर्व समाज के नेता थे और उन्होंने दलितों, पिछड़ों, श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों व सम्मान के लिए कार्य किया। बाबा साहेब बटवारे के खिलाफ थे और शतप्रतिशत बटवारा चाहते थे। उन्होंने कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया था। वह जातिवाद और कुरीतियों के विरोधी थे, लेकिन हिदुत्व के विरोधी नहीं थे। कांग्रेस ने उनको सदैव अपमानित करने का कार्य किया और 1954 में चुनाव हरवाया। कांग्रेस के दोदो प्रधानमंत्रियों ने स्वयं के जीवित रहते हुए भारत रत्न लिया लेकिन कभी बाबा साहेब की सुध नहीं ली। बाबा साहेब को जनता दल सरकार में श्रद्धेय अटल जी की पहल पर भारत रत्न देकर सही सम्मान दिया गया। मोदी जी ने बाबा साहेब से संबंधित स्थलों को पंच तीर्थ घोषित कर उनका विकास कराया। बाबा साहेब का व्यक्तित्व बहुत विशाल है और वह सम्पूर्ण भारतवर्ष के नेता हैं |मा0 विधायक हाथरस श्रीमती अंजुला माहौर ने कहा कि बाबा साहेब के लिए कुछ बोलना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। जिस प्रकार त्रेता में बाल्मीकी जी ने रामायण, द्वापर में वेदव्यास जी ने महाभारत जैसे ग्रंथ समाज को दिए उसी प्रकार कलियुग में बाबा साहेब ने संविधान की रचना कर आमजन के अधिकारों और दायित्वों का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने उपस्थितजनों से आव्हान किया कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगीमा0 विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में संविधान में 70 बार परिवर्तन किया। संविधान की आत्मा माने जाने वाले प्रस्तावना तक को बदला गया। मा0 मोदी जी ने बाबा साहेब के सम्मान में देश के साथ ही लंदन में भी उनका स्मारक बनाकर उनको सम्मान देने का कार्य किया। बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही आज देशप्रदेश में शिक्षा पर बल दिया जा रहा है |मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा देशप्रदेश में बाबा साहेब के सम्मान में 14 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए जा रहे हैं। हमारी सरकार संविधान बदलने का नहीं बल्कि बाबा साहेब को सम्मान देने का कार्य कर रही है। मा0 पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायिका श्रीमती रामसखी कठेरिया ने सभी से बाबा साहेब के संघर्ष और आदर्शों को याद कर उन पर चलने का आव्हान किया |इस अवसर पर मा0 ब्लॉक प्रमुख अकराबाद ठा0 राहुल सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्री गौरव शर्मा, चेयनमैन चण्डौस श्री डीएस भारती, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिजौली श्री महेश खटीक, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष हरि किशन कोरी, जिला महामंत्री श्री अनेक पाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक श्री सुनील गुप्ता समेत अन्य मा0 जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्री शिव नारायण शर्मा एवं डा0 मुकेश सूर्यवंशी द्वारा किया गया। अन्त में मा0 जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देकर सभी आंगतुकों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## बच्चों का हुआ टीकाकरण शुरु, 10 मई तक चलेगा अभियान

इगलास। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. स्कन्द राजा ने बताया कि 10 से 16 वर्ष के बालक व बालिकाओं को टिटनेस व डिप्थीरिया से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान 10 मई तक चलाया जाएगा। इसके लिए एबीएसए एलबी द्विवेदी, बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की जाएगी। परिक्षेत्र के समस्त निजी व सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता एएनएम संगिनी व बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगे। वह इस अभियान में अपने–अपने क्षेत्र के विद्यालयों में टीकाकरण कराने में योगदान करेंगे। अधीक्षक ने बताया कि डिप्थीरिया जानलेवा बीमारी बन सकती है, इससे बचाव के लिए सभी अभिभावकों को अपने पाल्यों का टीकाकरण अवश्य करा लेना चाहिए। टीकाकरण गुरुवार से प्रारंभ हो गया है। यदि किसी विद्यालय में टीम नहीं पहुंच पाती है उन्हें इसकी सूचना दें। जिससे कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

### जुम्मे की नमाज में मिल्लत के भाइयों नेभी किया आतंकवाद का विरोध

अलीगढ़ |शहर की तमाम मस्जिदों में जुम्मे के दिन काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की गई और कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों के हक में और घायलों के जल्दी स्वस्थ होने के लिए की दुआ भी की गई |वहीं जयगंज डाकखाना काजीपाड़ा की बड़ी मस्जिद में एस.एम.कयाम और सलीम मुख्तार ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। इसके अलावा आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी कर अपने गुस्से का इजहार किया। यहां विरोध प्रदर्शन में शादाब अल्लाह फसल, नूर अफजल आजाद,दिलशाद बिटिया, शादाब कुरेशी,आदिल कुरेशी,गुड्डू, शराफत अली और शादाब आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

अलीगढ़ |पूर्व सांसद और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी बिजेंद्र सिंह ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे भारत की अस्मिता पर किया गया हमला बताया |पूर्व सांसद ने कहा कि इस खूबसूरत वादी में पर्यटक आते हैं और ये आतंकी कश्मीर जैसे स्वर्ग को नर्क बना देना चाहते हैं और इससे समाज में विघटन की भावना भी बढ़ती है |उन्होंने कहा कि कुछ लोग पेशेवर आतंकवादी होते हैं जिनका कोई धर्म ईमान नहीं होता और इनका काम ही दहशत फैलाना होता है इसलिए ऐसे लोगों से सजग रहने की जरूरत है और ऐसे नाजुक समय में आज भारत का हर नागरिक दलगत राजनीति से परे हटकर सरकार के साथ खड़ा है और ये मांग करता है कि इन दहशतगर्दों को कड़ा सबक सिखाया जाए ताकि ये निकट भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति दोबारा न कर सकें।

## रांची के उषा मार्टिन विश्वविद्यालय को नैक से मिला ए ग्रेड

इगलास। उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, रांची को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय ने बिहार और झारखंड राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा अब तक प्राप्त सबसे उच्च स्कोर प्राप्त किया है। नैक द्वारा परिणाम घोषित होने की जानक. ारी होते ही विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल हो गया। शिक्षक–कर्मचारी सभी एक–दूसरे को बधाई देते दिखे। नैक की विशेषज्ञ टीम ने 19 से 21 फरवरी 2025 तक विश्वविद्यालय का दौरा किया। टीम ने पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं, शिक्षण और मूल्यांकन, अनुसंधान, नवाचार एवं विस. तार गतिविधियां, अवसंरचना एवं शैक्षणिक संसाधन, छात्र समर्थन एवं प्रगति, गवर्नेंस, नेतृत्व एवं प्रबंधन, और संस्थागत मूल्य एवं सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे कई मापदंडों पर विश्वविद्यालय के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया। कुलाधिपति प्रभात कुमार, अध्यक्ष हेमंत गोयल, प्रो. चांसलर प्रो. एससी गर्ग, कुलपति प्रो. मधुलिका कौशिक ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्राध्यापकों व कर्मचारियों की निष्ठा, गुणवत्ता–प्रधान शिक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रो चांसलर ने कहा हम भविष्य को लेकर उत्साहित हैं और आने वाले वर्षों में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय उन सभी छात्रों की पहली पसंद बनेगा जो गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को किफायती लागत पर प्राप्त करना चाहते हैं। मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा आदि ने भी प्रशन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### देश प्रदेश के दवा व्यापारियों का अलीगढ़ में 27 अप्रैल को होगा समागम–शैलेंद्र सिंह टिल्लू

अलीगढ़ |जिला अलीगढ़ कैमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की प्रेस वार्ता का आयोजन एक होटल पर किया गया जिसमें अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह टिल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 27 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 12 बजे अलीगढ़ के होटल आभा ग्रांड जीटी रोड पर विशाल दवा व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन कैमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष जे एस शिंदे(महाराष्ट्र),राष्ट्रीय महामंत्री राजीव सिंघल(मध्यप्रदेश) होंगे. |इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि ओसीडी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह,ओसीडी यूपी के प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल होंगे |श्री टिल्लू ने बताया कि कैमिस्टों को देश व प्रदेश के पदाधिकारियों के द्वारा नई दवा नीति व दवा व्यापार के नए नियम की जानकारी कार्यशाला में दी जाएगी |महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि देश के 16 राज्यों से पदाधिकारियों के साथ साथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे |वहीं कोषाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा ने कहा कि जिले की सभी तहसील देहात कस्बे व शहर से कैमिस्ट बड़ी संख्या कार्यक्रम में कार्यक्रम शामिल होंगे।

## देश प्रदेश के दवा व्यापारियों का अलीगढ़ में 27 अप्रैल को होगा समागम

अलीगढ़ |जिला अलीगढ़ कैमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की प्रेस वार्ता का आयोजन एक होटल पर किया गया जिसमें अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह टिल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 27 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 12 बजे अलीगढ़ के होटल आभा ग्रांड जीटी रोड पर विशाल दवा व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन कैमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष जे एस शिंदे(महाराष्ट्र),राष्ट्रीय महामंत्री राजीव सिंघल(मध्यप्रदेश) होंगे |इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि ओसीडी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह,ओसीडी यूपी के प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल होंगे |श्री टिल्लू ने बताया कि कैमिस्टों को देश व प्रदेश के पदाधिकारियों के द्वारा नई दवा नीति व दवा व्यापार के नए नियम की जानकारी कार्यशाला में दी जाएगी |महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि देश के 16 राज्यों से पदाधिकारियों के साथ साथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे |वहीं कोषाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा ने कहा कि जिले की सभी तहसील देहात कस्बे व शहर से कैमिस्ट बड़ी संख्या कार्यक्रम में कार्यक्रम शामिल होंगे।

## सफाई सुपरवाइजर को धमक. ाने का मामला सुखमा कंपनी प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ में सफाई कर्मचारियों और सुखमा कंपनी के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। अब कंपनी के स्थानीय प्रबंधक सचिन वत पर सफाई सुपरवाइजर को धमकाने और जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगा है। मामला वार्ड 25 के सफाई सुपरवाइजर सुशील कुमार वाल्मीकि की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है। आरोप के मुताबिक, प्रबंधक ने 2 तारीख को फोन पर सुशील को धमकी दी थी कि यदि सफाई कर्मचारी यूनियन ने कंपनी के काम में हस्तक्षेप किया तो परिणाम गंभीर होंगे। सफाई मजदूर संघ ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 72 घंटे का समय दिया है।

## अलीगढ़ में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा रद्द, 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश

अलीगढ़ में तीन पाकिस्तानी नागरिकों को, जो अल्पकालिक वीजा पर रिश्तेदारी में घूमने आए थे, भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। खुफिया रिपोर्ट के आधार पर इन तीनों को आज प्रस्थान प्रपत्र जारी किए जाएंगे, और उन्हें 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। केंद्र सरकार ने हाल ही में पाकिस्तान से आए नागरिकों के वीजा रद्द करने का फैसला लिया है। इसके अलावा, 15 पाकिस्तानी नागरिकों के भारतीय नागरिकता आवेदन पर भी संकट आ गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जो भी निर्देश आएंगे, उनका पालन किया जाएगा।

## माँ की आत्महत्या से बच्चों में पसरा शोक, कहा माँ उठो हम स्कूल से आ गए

हरदुआगंज थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव में 28 वर्षीय नीरज ने 24 अप्रैल को कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति और बच्चे घर से बाहर थे, और मां खेत पर काम करने गई हुई थीं। जब सास घर लौटी, तो नीरज का शव फंदे से लटकता हुआ पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका के बच्चों का दिल तोड़ने वाला दृश्य सामने आया जब उन्होंने स्कूल से लौटने पर मां का शव देखा और रोते हुए ष्मां उठो, हम स्कूल से आ गए हैंष कहा। इस घटना से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

## बढ़ाकला में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

इगलास। गांव बढ़ाकला में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार और बजरंग बली की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ। इसके साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का शुभा. रंभ हुआ। विधि पूर्वक पूजा अर्चना के बाद गांव में देव प्रतिमाओं के साथ कलश यात्रा निकाली गई। परीक्षित श्याम लाल सिंह व हरवीरी देवी ने अपने दिवंगत बेटे की स्मृति में कथा का आयोजन कराया है। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास बालकृष्ण आचार्य ने बताया कि भागवत कथा कर्म साधना का सबसे उत्कृष्ट और सर्वोच्च उदाहरण है। हमें कथा को सच्चे मन से श्रवण कर अपने आचरण में उतारने से ही हमारा लोक–परलोक धन्य होगा। बच्चों और समाज को सुसंस्कारित करने का सबसे आदर्श तरीका है कथा का प्रतिदिन श्रवण करना है। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, जतन चौधरी, ऊषा देवी, सरोज चौधरी, राम अवतार सिंह, डा. राममूर्ति सिंह, रघुनाथ सिंह, सुखपाल सिंह, प्रभु सिंह, लक्ष्मण सिंह, छत्तर सिंह, दिगंबर सिंह, तारा सिंह, चरण सिंह, भोला, संदीप, अभिषेक, युवराज आदि थे।

# कासगंजः प्रभुपार्क का होगा जीर्णोद्धार, ओपन जिम के लिए मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** मण्डलायुक्त संगीता सिंह एवं जिलाधिकारी मेधा रूपम ने प्रभुपार्क, जिला अस्पताल, आसरा योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने प्रभुपार्क का निरीक्षण करते हुए इसके जीर्णोद्वार और ओपेन जिम के निर्देश दिये। जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई।मंडलायुक्त ने कहा कि फ्रैक्चर, रोड एक्सीडेंट, ट्रॉमा, सर की चोट, हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तुरंत उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए। ओटी की व्यवस्था भी हो तथा ऑक्सीजन पाइपलाइन हर बेड पर मिले यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ बैठक कर ट्रामा



सेंटर को उपयोगी रूप से तैयार करवाने के लिए निर्देशित किया। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने आसरा आवास योजना सोरोंजी के निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद सोरोंजी में वर्ष 2013–14 में पहा. डपुर में 252 आवास निर्माण की योजना में 156 आवास बनाये गये हैं, 126 लाभार्थियों का चयन किया गया है।आयुक्त द्वारा स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को टॉफी का वितरण कराकर प्रतिदिन स्कूल जाने हेतु प्रोत्साहित किया ए इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त मंसाराम यादव, मुख्य विकास अधिकारी सचिन, सीओ आंचल चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एटा जिले में 87.24: बच्चे हुए पास, टॉप–3 में दो छात्राएं शामिल

यूपी बोर्ड 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में एटा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले के टॉप–10 में छात्राओं की मजबूत उपस्थिति दर्ज की गई है।आरडी साइंटिफिक इंटर कॉलेज जैथरा की छात्रा मोहिनी यादव ने 568 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी कॉलेज के सत्यदेव 566 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। आरडी इंटर कॉलेज अलीगंज की गौरी यादव ने 565 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।श्रीनिवास अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर जलेसर की दीक्षा सिंह ने 564 अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय के सोमेश कुमार पांचवें स्थान पर रहे। एमजीएचएम इंटर कॉलेज मारहरा के कृष कुमार सागर ने 562 अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया।आर साइंटिफिक इंटर कॉलेज के साकेत 558 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे। श्री राधा कृष्ण इंटर कॉलेज कोयना की राधा कुमारी ने 557 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया। 556 अंकों के साथ तीन छात्र–छात्राएं नौवें स्थान पर रहे – उल्फत राय इंटर कॉलेज के प्रियांशु कुमार, श्री राम बाल भारती इंटर कॉलेज के ओम यादव और आकांक्षा दुबे। प्रेरणा गौतम ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

# कासगंज के सोरों थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी लूट का खुलासा किया

कासगंज के सोरों थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी लूट का खुलासा किया है। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है।19 अप्रैल को शाम 8 बजे दुकानदार कालीचरण अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। मैदा फैक्ट्री के पास कुछ बदमाशों ने डंडों से मारपीट कर उनका बैग छीन लिया। एक आरोपी खेतों की तरफ भागा, जिसका पीछा किया गया। वहां से 43 हजार रुपए बरामद हुए।पुलिस ने सहावर रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास से चारों आरोपियों को पकड़ा। इनके पास से 2.27 लाख रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल की गई बजाज पल्सर बाइक, देसी रायफल, 315 बोर का तमंचा, 4 जिंदा कारतूस और एक डंडा बरामद हुआ।पकड़े गए आरोपियों में कासगंज के गंगेश्वर कॉलोनी निवासी अनमोल और विशाल, सुन्नगढ़ी के नगला



चौक निवासी सचिन और सोरों के मोजमपुर निवासी नेक्से शामिल हैं। सभी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। ये सभी पहले भी चोरी, लूट और हत्या जैसे अपराधों में शामिल रह चुके हैं।इस गिरोह का एक अन्य साथी राहुल, जो लूट में शामिल था, गैंगस्टर के मामले में पहले ही आत्मसमर्पण कर जेल जा चुका है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई करेगी।

# एटा में बिजली विभाग के एक लाइनमैन की हालत गंभीर

एटा में बिजली विभाग के एक लाइनमैन की हालत गंभीर है। कैलाश मंदिर के पीछे हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय उसे करंट लग गया। घटना में 23 वर्षीय नीरज बुरी तरह झुलस गया।नीरज जिन्हैरा गांव का रहने वाला है। वह अपने साथी के साथ नगर पालिका स्थित बिजली घर में ब्रेकडाउन की शिकायत पर काम करने गया था। बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइन की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट दौड़ गया। करंट लगने से वह नीचे गिर पड़ा।घायल नीरज को तुरंत वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। सूचना मिलते ही पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज



गुप्ता भी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर अभिषेक चौहान ने बताया कि नीरज को 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से करंट लगा है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।विद्युत विभाग के एक अन्य कर्मचारी ने बताया कि वे लोग ब्रे. कडाउन की शिकायत पर पहुंचे थे। लेकिन अचानक करंट कैसे दौड़ा, इसकी जानक. ारी नहीं है।

# भगवान बुद्ध की प्रतिमा तोड़े जाने पर दलित समाज में आक्रोश

एटा। मारहरा क्षेत्र के गांव सिरसा बदन में भगवान बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी गई। इससे दलित समाज के लोगों में आक्रोश पनप गया। एसडीएम सदर और सीओ सदर ने मौके पर पहुंचकर नई मूर्ति स्थापित कराने का आश्वासन देकर मामले को शांत किया। तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है।सिरसा बदन गांव में बृहस्पतिवार रात सबकुछ सामान्य था। शुक्रवार की सुबह जागने पर लोगों ने अंब. ेडकर पार्क में भगवान बौद्ध की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो वह भड़क गए। हंगामे की जानकारी पर आसपास के थानों के फोर्स के साथ ही एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता और सीओ सदर संजय सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए। दलित समाज के लोगों का आरोप था कि बृहस्पतिवार की रात को गांव में एक बरात आई थी। इसमें शामिल किसी व्यक्ति ने यह हरकत की है।तनाव बढ़ने पर एसडीएम और सीओ ने नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन देकर मामले को शांत किया। सिरसा बदन गांव के अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा लगी है। इसकी स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी। एक सप्ताह पहले जलेसर क्षेत्र के गांव मो. हनपुर में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा को तोड़ दिया गया था। इसको लेकर जिले भर के लोधी समाज में नारा. जगी थी। अंबेडकर जयंती पर एक दलित युवक को गोली मार दिए जाने की घटना पर जलेसर में तनाव हो गया था। इसको देखते हुए सिरसा बदन की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की।

# कासगंज हाईस्कूल का 92.62, इंटरमीडिएट में 81.57 फीसद रहा बोर्ड परीक्षा का परिणाम

कासगंजरू परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र–छात्राओं के लिए शुक्रवार का दिन अहम रहा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम जारी हो गया। इंटरमीडिएट और हाईस्कूल कक्षा का परिणाम जारी होते ही छात्र–छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हाईस्कूल का 92.62 एवं इंटरमीडिएट का 81.57 फीसद परीक्षा परिणाम रहा है।सुबह से ही स्कूल संचालक और विद्यार्थी परीक्षा का परिणाम जानने को आतुर थे। जैसे ही परीक्षा का परिणाम आया तो परीक्षार्थी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परीक्षा परिणाम जानने के लिए कोई मोबाइल तो लैपटॉप का सहारा लिए हुए था तो कोई जनसेवा केंद्र पर परीक्षा का परिणाम जानने पहुंचा। विद्यालय संचालक भी एक दूसरे विद्यायल का परिणाम जानने को आतुर दिखाई दिए।विद्यार्थी अपने अतिरिक्त साथियों का भी परीक्षाफल जान रहे थे और आपसे में तुलना करते रहे कि किसके अंक अधिक रहे। विद्यालय संचालक यह जानने के लिए जुटे रहे कि उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम कितना रहा और प्रतिस्पर्धी विद्यालयों से परीक्षा परिणाम कितने आगे या कितने पीछे रहा। डीआइ. ओएस कार्यालय में हर पल की सूचना का अपडेट डीआइओएस कार्यालय में हर पल



सूचना अपडेट करने में डीआइओएस पीके मौर्य जुटे रहे। पूरे जिले में किस विद्यालय का कौन टॉपर रहा इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी करते रहे। शासन से अधिकृत ई–मेल आने के बाद अधिकारियों ने यह जानकारी भी साझा की।इंटर

मीडिएट के परिणाम पर एक नजर पंजीत परीक्षा में शामिल उत्तीर्ण प्रतिशत19104 18876 15398 81.57

हाईस्कूल के परिणाम पर एक नजर पंजीकृत परीक्षा में शामिल उत्तीर्ण प्रतिशत20792 19092 17663 92.62हाईस्कूल में बढ़ा तो इंटरमीडिएट में घटा परीक्षा परिणामपिछली साल की अपेक्षा इस साल हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 4.22 फीसद बढ़ गया। पिछले वर्ष 88.40 फीसदी परीक्षा परिणाम था जो इस बार 92.62 फीसद रहा है। इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में 5. 05 फीसद की गिरावट हुई। पिछले साल इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 88.40 फीसदी था, जबकि इस वर्ष परीक्षा परिणाम 81.57 फीसदी ही रह गया।हाईस्कूल एवं इंटरम. ीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। हाईस्कूल का 92.62 फीसद और इंट. रमीडिएट का परिणाम 81.57 फीसद रहा है

# तपते मौसम में बसों और यात्रियों को दिया जाएगा विश्राम

एटा। तापमान बढ़ने के साथ ही निगम की बसों में सफर करना भी मुसीबत बन गया है। धूप में चलते समय बसों के अंदर गर्मी और बढ़ जाती है। इसे देखते हुए चालक–परिचालक को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत लंबे रूट पर चलने वाली बसों को निर्धारित समय और स्थान पर रोककर विश्राम दिया जजाएगा। जिससे कि यात्रियों को गर्मी में समस्या न हो।वर्तमान में जिस तरीके से प्रतिदिन पारा बढ़ रहा है वह हानिकारक होता जा रहा है। लोहे की बॉडी वाली बसें धूप में तप जाती हैं और अंदर बैठकर सफर करने वाले यात्री बेहाल हो जाते हैं। इसको देखते हुए निगम ने डिपो के सभी चालक–परिचालक को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय के अनुसार बताए गए ढाबे या होटल पर बस को रोकें। ताकि यात्री वहां उतरकर थोड़ा आराम कर सकें और ठंडा पानी आदि पी सकें।सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से लू चलने और कई स्थानों पर तापमान के 44 डिग्री तक पहुं. चने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसी को देखते हुए सभी चालक–परिचाल. कों को सजग किया गया है। साथ ही सभी बसों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स लगवाए जा रहे हैं और ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान यात्री को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।पारा बढ़ने पर बस का इंजन भी हो जाता है गर्मएआरएम ने बताया कि पारा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जिसकी वजह से बसों के इंजन भी गर्म हो जाते हैं। इस बात को भी ध्यान में रखकर रास्ते में रोकने का निर्देश दिया गया है। कई बार अधिक तापमान की वजह से वाहन को ज्यादा देर तक चलाने पर आग लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

# कासगंज में 12वीं की छात्राओं का रहा जलवा, 10वीं में छात्रों ने मारी बाजी

कासगंज, यूपी बोर्ड के घोषित परिणाम में कासगंज जिले के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट की टॉप–10 सूची में छात्राओं का दबदबा रहा, वहीं हाईस्कूल में छात्रों ने बाजी मारी। इंटर के टॉप–10 में 13 विद्यार्थियों ने जगह बनाई, जिनमें 11 छात्राएं और 2 छात्र शामिल हैं। वहीं हाईस्कूल की टॉप–10 सूची में भी तीन छात्रों को समान अंक मिलने पर संयुक्त रैंक दी गई। हाईस्कूल टॉपर्स में 9 छात्र और 4 छात्राएं शामिल रहीं।

